# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (01.06.2025)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 01.06.2025, PAGE-04**

# वोकेशनल कोर्सों में अब सेंट्रलाइज्ड प्लेसमेंट की मिलेगी सुविधा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्स में छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट की सुविधा मिलेगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से सेंट्रलाइज्ड प्लेसमेंट की प्रक्रिया का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्लेसमेंट सेल की ओर से विभिन्न कंपनियों से संपर्क किया जाएगा। इसके बाद लिखित परीक्षा व इंटरव्यू के आधार पर विद्यार्थी योग्यता के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। सीसीडीसी डा.मधु सिंह ने बताया वोकेशनल कोर्स के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ा जाए इसकी योजना तैयार की जा रही है। पूर्ववर्ती छात्रों से भी संपर्क किया जा रहा है।

वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए 25 जून को प्रवेश परीक्षा : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्सों में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित की गई है। अब विद्यार्थी 20 जून तक आवेदन कर सकेंगे। 25 जून को वोकेशनल कोर्सों में नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा होगी।

**20 जून तक अब वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए आनलाइन कर सकेंगे आवेदन**



## स्नातक में नामांकन के लिए 10 तक करें आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है। अब विद्यार्थी 10 जून तक नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी किया गया है। अब तक दो बार आवेदन की तिथि विस्तारित की गई है। बताया जा रहा है कि इसके बाद नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जारी की जाएगी। इसी आधार पर विद्यार्थी आवंटित कालेजों में नामांकन लेंगे। विश्वविद्यालय की तैयारी है कि इस सत्र में नामांकन के लिए केवल दो ही मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। अब तक की तैयारी के अनुसार इस बार नामांकन के लिए आनस्पाट की सुविधा नहीं मिलेगी। पहली मेरिट लिस्ट में अधिकतम सीटों के लिए विद्यार्थी आवंटित किए जाएंगे। पिछले दो वर्ष की तुलना में इस सत्र के लिए आवेदन की गति काफी धीमी है। बताया जा रहा है कि दूसरे विश्वविद्यालयों में भी नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। नामांकन के लिए 12 जून या उसके बाद मेरिट लिस्ट जारी की जा सकती है।

काफी कम आवेदन आने पर कालेजों की ओर से तिथि बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इसी आधार पर विश्वविद्यालय ने आवेदन की तिथि बढ़ाई है। प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर कालेजों में 15 जुलाई तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं 21 जुलाई से कक्षाओं का संचालन शुरू होगा। बताते हैं कि आवेदन के तरीके में बदलाव से इस बार अपेक्षाकृत कम आवेदन आए हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 01.06.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स के लिए होगी केंद्रीकृत प्लेसमेंट की व्यवस्था

- कंपनियों से संपर्क करेगा बीआरएबीयू का प्लेसमेंट सेल
- सभी कॉलेजों के विद्यार्थी ड्राइव में हो सकेंगे शामिल

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू ने वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए केंद्रीकृत आवेदन की प्रक्रिया के बाद अब विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर भी यही इंतजाम करने की योजना बनायी है. सभी वोकेशनल कोर्स के लिए विवि स्तर पर ही कैंपस प्लेसमेंट के लिए कंपनियां आयेंगी.

विवि का प्लेसमेंट सेल इसको लेकर विभिन्न कंपनियों से संपर्क करेगा. विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराया जा सके, इसको लेकर यह पहल की गयी है. सीसीडीसी प्रो मधु सिंह ने बताया कि वोकेशनल कोर्स में नामांकित अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो पाये, इसको लेकर पहल की जायेगी. कंपनियों से संपर्क कर उन्हें परिसर में आमंत्रित किया जायेगा. इसके लिए पूर्ववर्ती छात्रों की भी मदद ली जा सकती है. वहीं इन कोर्स से निकलने वाले विद्यार्थियों के क्रिएटिव आइडिया को धरातल पर उतारने व स्टार्टअप के रूप में शुरू करने की भी योजना है.उद्योग व आइटी विभाग नए आइडियाज पर काम कर रही है. ऐसे में विद्यार्थियों को क्रिएटिव सोचने को लेकर उनकी काउंसलिंग भी करायी जायेगी. प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने से पूर्व विद्यार्थियों को उस अनुसार तैयार किया जाएगा. बता दें कि वोकेशनल कोर्स के विद्यार्थियों के लिए कुछ कॉलेजों में अबतक अपने स्तर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कराया गया है. अब विवि केंद्रीकृत प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने पर विचार कर रही है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**



**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 01.06.2025, PAGE-04**


## कार्यक्रम में वीसी बोले- कुलपति कार्यालय से होगी इसकी शुरुआत

# तम्बाकू निषेध की दिलायी शपथ

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर बीआरएबीयू के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से जागरूकता सह शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया. विवि के सीनेट सभागार में कार्यक्रम हुआ. इसमें तम्बाकू उत्पादों का सेवन और अन्य किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया. सभी ने इसकी शपथ ली. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने अध्यक्षता की. राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कुलगीत व एनएसएस गीत की प्रस्तुति दी.

अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो आलोक प्रताप सिंह,एमएमटीसीसी के निदेशक प्रो राजीव, भौतिकी विभाग के आचार्य प्रो ललन, इंस्पेक्टर ऑफ साइंस प्रो अरविंद सिन्हा, पुस्तकालयाध्यक्ष कौशल किशोर मौजूद रहे.

कुलपति ने कहा कि तंबाकू उत्पादों से परहेज करें. तंबाकू से मुक्ति की शुरुआत कुलपति कार्यालय से करेंगे. धन्यवाद ज्ञापन उप परीक्षा नियंत्रक डॉ रेनू बाला ने किया. मौके पर यूएमआइएस को-ऑर्डिनेटर डॉ तरुण डे, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान, डिप्टी रजिस्ट्रार-1 डॉ धीरेंद्र सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार-2 विनोद बैठा समेत अन्य मौजूद थे. संचालन एनएसएस की समन्वयक डॉ अनुराधा पाठक ने किया.



रामेश्वर कॉलेज में तबाकू का इस्तेमाल नहीं करने की शपथ लेते विद्यार्थी.





विश्वविद्यालय सीनेट हॉल मे विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ लेते वीसी व अन्य.

## तंबाकू के सेवन से होते हैं कई रोग : प्रो ब्रह्मचारी

**मुजफ्फरपुर.** रामेश्वर महाविद्यालय मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्राचार्य प्रो ब्रह्मचारी व्यास नदन शास्त्री ने कहा कि तंबाकू का सेवन कई तरह के रोगो को पैदा करता है. विशेष रूप से कैंसर व फेफड़ों की बीमारी का खतरा अत्यधिक होता है. एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शारदानंद साहनी, धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो रजनी रंजन, डॉ सुमित्रा, डॉ वसीम रेजा, डॉ राजबली राज, सितेश सिंह, राम चरण सहनी, अजीत, कुंदन, प्रशात, उमेश सिंह, अभिषेक, अमन, निशात, सिल्की, नसरीन, किशन, श्रवण समेत अन्य मौजूद थे.

## भाषण में आर्या व निबंध में पिंकी व प्रिया अव्वल

**मुजफ्फरपुर.** ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय में रैली, निबंध व भाषण प्रतियोगिता सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. एनएसएस पदाधिकारी डॉ संतोष ने कहा कि मद्य निषेध व तंबाकू निषेध का मजबूती से पालन होना चाहिये. बिहार सरकार की इस क्षेत्र में की गयी पहल बेहद सराहनीय है. लोगों में नैतिकता का विकास होगा तो वे नशे से दूर रहेंगे. हिन्दी विभाग की डॉ ज्योति, प्राचार्य डॉ अभय सिंह ने विचार रखे. संचालन स्नेहा प्रिया ने किया. भाषण में आर्या प्रिया, प्रिया स्नेहा व अमानुल्लाह प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे. निबंध में पिंकी व प्रिया स्नेहा प्रथम, मलय सौरभ व श्वेता द्वितीय, इंद्रजीत व सृष्टि शिखा तृतीय स्थान पर रहीं. मौके पर आदित्य, सिक्कू, कुमकुम, श्वेता, मुस्कान, नीतीश, रेणुका, मनीषा, आशु, आकृति, जूही, अनुष्का, गोपाल, हेमंत राज, श्वेता, आर्या प्रिया, सुमन, प्रिया, अमन समेत अन्य विद्यार्थी मौजूद थे.

खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन करें.

## एमडीडीएम कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर.** एमडीडीएम कॉलेज की एनएसएस इकाई ने ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम किया. प्राचार्य डॉ कनुप्रिया ने तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव बताये. एनएसएस कार्यक्रम इंचार्ज डॉ शगुफ्ता नाज, संचालन व धन्यवाद ज्ञापन बीसीए की छात्रा तान्या ने किया. वाद-विवाद व भाषण से सृष्टि, मुस्कान व अन्य ने तंबाकू सेवन के विरुद्ध जागरूकता फैलायी.

## युवाओं में तंबाकू का ज्यादा उपयोग चिंतनीय

**मुजफ्फरपुर.** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ. प्राचार्य डॉ वरुण कुमार राय ने कहा कि भारत मे सर्वप्रथम पुर्तगालियों के माध्यम से 17वी शताब्दी की शुरुआत मे तम्बाकू आया. आज युवाओं के बीच मे इसका इस्तेमाल चिंता का विषय है. क डॉ विनीत, डॉ प्रकाश सिंह, प्रो विभा, प्रो कुंदन शर्मा, प्रो एकता, प्रो चांदनी, प्रो रागिनी, प्रो जेबा, प्रो सुफिया, प्रो अंशुमन, प्रो अनुराग, शैलेश, अनूप मौजूद थे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFAFRPUR

## DATE: 01.06.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए 20 तक आवेदन

- brabu.net पर हो रहा है ऑनलाइन आवेदन, डेढ़ दर्जन कोर्स का है विकल्प
- 25 जून को प्रवेश परीक्षा, 15 जुलाई तक नामांकन लेने का मिलेगा मौका

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में संचालित विभिन्न वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए 20 जून तक तिथि बढ़ा दी गयी है. अब विवि के आधिकारिक पोर्टल brabu.net पर 20 जून को रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है. वीसी के आदेश से तिथि विस्तारित की गयी है. करीब डेढ़ दर्जन वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिया आवेदन लिया जा रहा है. 20 जून तक आवेदन लेने के बाद 25 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी. परिणाम जारी होने के बाद 15 जुलाई तक कॉलेजों में दाखिला ले सकेंगे.

**21 जुलाई से कक्षाएं** :21 जुलाई से कक्षाओं का संचालन शुरू करने का प्रस्ताव है. सीसीडीसी डॉ मधु सिंह ने बताया कि कम आवेदन प्राप्त होने से तिथि विस्तारित की गयी है. कई कॉलेजों की ओर से आवेदन बढ़ाने की मांग की गयी थी. कुलपति से अनुमति लेकर तिथि आगे बढ़ाई गयी है. कहा कि वोकेशनल कोर्स में रोजगार की संभावनाएं अधिक होती हैं. ऐसे में इस ओर विद्यार्थियों का रूझान है. हालांकि, इसबार आवेदन की पद्धति में परिवर्तन होने से कुछ विषयों में काफी कम आवेदन मिले हैं. ऐसे में कॉलेजों को कहा गया है कि निर्धारित तिथि तक हर हाल में आवेदन करा लें. इसके बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. विभिन्न कॉलेजों में पांच हजार से अधिक सीटें वोकेशनल कोर्स के लिए निर्धारित हैं. शुक्रवार तक करीब 27 सौ आवेदन प्राप्त हुए थे.

**इन कोर्स में दाखिले के लिए प्रक्रिया**

विभिन्न कॉलेजों व पीजी विभागों में संचालित बीबीए, बीसीए, टीडीसी बॉयोटेक, बीलिस, बीएमसी, टीडीसी सीएनडी, टीडीसी आइएफएएफ, टीडीसी आइएमबी, टीडीसी इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री, एमएससी फिश एंड फिशरीज, एमबीए, एमसीए,पीजीडीसीए, पीजीडीवाईएस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन लिया जा रहा है.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए इसे स्कैन कर सकते हैं.